आकाशवाणी शिमला

04.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सोलन जिले के द लॉरेंस स्कूल, सनावर के एक सौ 76वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने इस विशेष अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में बेहतर इंसान बनने की ओर ध्यान देना चाहिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सिद्धांतों पर अटूट विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हमारे जीवन में ईमानदारी व नैतिक मूल्य एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अथक परिश्रम करने व चुनौतियों का सामना करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और अनुशासन जैसे गुणों का विकास करने में स्कूल के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना भी की। इससे पहले, उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शिक्षक संवर्द्धन केंद्र का लोकार्पण और नवाचार प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक विनोद सुल्तानपुरी व भुवनेश्वर गौड़, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

अनुराग ठाकुर

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार विभिन्न जन–कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। वे आज किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को लोगों की सभी शिकायतों का निवारण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला की शिकायत निवारण समिति के गैर–सरकारी सदस्यों से प्राप्त शिकायतों पर चर्चा की गई और राजस्व मंत्री ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

प्रतिभा सिंह

सांसद प्रतिभा सिंह ने अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंडी में आज जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक में उन्होंने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। प्रतिभा सिंह ने विभागों से कई केंद्रीय योजनाओं में केंद्र सरकार से बजट न मिलने के मामले तुरंत उनके ध्यान में लाने को कहा। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 में सड़कों के स्तरोन्नयन कार्यों पर 2 सौ 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की मदद से कटौला–कमांद–बजौरा सड़क के सुधार कार्य पर 12 करोड़ 62 लाख और पंडोह–चैलचौक सड़क की मजबूती पर 12 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रतिभा सिंह ने पंचवक्त्र महादेव मंदिर के ध्वस्त हुए फुटब्रिज को 2 महीने के भीतर पुनः बनाने के निर्देश भी दिए।

स्पोर्ट्स रैली

लाहौल–स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमालय मोटर स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होनें कहा कि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कल 5 अक्तूबर को सिसु से इस रैली का शुभारंभ करेंगे। रवि ठाकुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस रैली में 2 सौ से अधिक कार, जीप व मोटरबाइक भाग लेंगे जो लगभग 3 सौ से 4 सौ किलोमीटर तक की दूरी तय करेंगे। उन्होंने बताया कि यह रैली स्पीति के सबसे ऊंचे गांव लांगचा भी जाएगी। रवि ठाकुर ने कहा कि इस रैली से घाटी में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लाहौल–स्पीति में इस तरह की बड़ी रैली पहली बार आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा की अटल टनल बनने के बाद लाहौल में पर्यटन बहुत अधिक बढ़ा है और हर हफ्ते 60 से 70 हज़ार से अधिक गाड़ियां घाटी में प्रवेश करती हैं। रवि ठाकुर ने बताया कि मुकेश अग्निहोत्री कल करोड़ों रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास रखेंगे। उन्होंने कहा कि 23 करोड रुपए की लागत से एंटी फ्रीजिंग कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिससे लाहौल स्पीति में सर्दियों के दिनों में पानी की पाइपों में पानी जमने की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में इसे चार–पांच पंचायत में लागू किया जाएगा।